vkdk'kok.kh dUæ f'keyk

25-11-2026@ iknf'kd lekpkj@1800ct

dsnzh ef!e"y

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आज निर्माण और अवसंरचना उपकरण– सी.आई.ई विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए 11 हजार करोड़ रुपये की योजना को मंजूरी दी है। नई दिल्ली में मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देते हुए सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य निर्माण, बुनियादी ढांचा उपकरणों व उनके कलपुर्जों का देश में ही उत्पादन बढ़ाना और इनके परीक्षण के लिए विशेष सुविधा स्थापित करना है। इस योजना की अवधि 8 वर्ष यानि वर्ष 2026–27 से 2033–34 तक होगी। मंत्रिमंडल ने वित्त वर्ष 2026–27 से 2030–31 तक डाक संचालन योजना जारी रखने को भी मंजूरी दी। इसके लिए एक हजार 41 करोड़ रुपये का परिव्यय निर्धारित किया गया है। योजना का उद्देश्य डाक नेटवर्क का आधुनिकीकरण, पार्सल और डाक सेवाओं को मजबूत करना, ग्रामीण क्षेत्रों में संपर्क बढ़ाना और नागरिकों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराना है।

fcts yh jk $%h

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य की वित्तीय स्थिती को मजबूत करने के लिए प्रदेश सरकार ने स्वर्ण जयंती ऊर्जा नीति–2021 में संशोधन को मंजूरी प्रदान की है। उन्होंने कहा कि संशोधन के अनुसार केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रमों के 40 वर्ष पूरे होने के बाद प्रदेश को 40 फीसदी मुफ्त बिजली रॉयल्टी मिलेगी। इसके अलावा इन परियोजनाओं को 40 वर्ष पूरे होने के बाद अगले 10 वर्षों तक राज्य सरकार को 50 फीसदी की बढ़ी हुई दर से मुफ्त बिजली रॉयल्टी देनी होगी। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बताया कि नए संशोधन के मुताबिक परियोजना संचालित होने के 50 वर्ष पूरे होने पर संबंधित परियोजनाएं सभी प्रकार की देनदारियों से मुक्त होने के बाद बिना किसी लागत से राज्य सरकार को हस्तांतरित कर दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुफ्त बिजली रॉयल्टी में इस वृद्धि से राज्य की वित्तीय स्थिती मजबूत होगी और विकास गतिविधियों के लिए अतिरिक्त संसाधन उपलब्ध होंगे।

t jke &kdqj

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने दावा किया है कि अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनावों में भाजपा प्रचंड बहुमत से सत्ता में आएगी और हार के डर से कांग्रेस पार्टी के कई बड़े नेता चुनाव नहीं लड़ना चाहते हैं। उन्होंने आज सोलन जिले के अर्की में नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधि सम्मान समारोह में शिरकत की। जयराम ठाकुर ने पंचायत प्रतिनिधियों से अपने–अपने क्षेत्रों में ईमानदारी से विकास

कार्य आगे बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होनें आरोप लगाया कि प्रदेश में पिछले करीब 4 वर्ष से विकास की गति रूकी हुई है और कांग्रेस सरकार को विधानसभा चुनाव में इसका खमियाजा भुगतना पड़ेगा।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल और सांसद सुरेश कश्यप भी इस मौके पर मौजूद रहे।

fo(ekfn) fl*

शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि स्वच्छ भारत मिशन शहरी के दूसरे चरण के तहत राज्य सरकार द्वारा ठोस कचरा प्रबंधन में सुधार किया जा रहा है। उन्होंने मुंबई में आयोजित तीसरे वर्ल्ड मेयर्स फोरम समिट में हिमाचल की सतत शहरी विकास पहलों पर प्रस्तुती दी। विक्रमादित्य सिंह ने बताया कि 56 शहरी स्थानीय निकायो में समाधान प्रकोष्ठ स्थापित किए गए हैं जिनके माध्यम से करीब 9 हजार शिकायतों का निपटारा किया जा चुका है।

f'keyk ifyl

नशा तस्करी के खिलाफ शिमला जिला पुलिस का अभियान जारी है और इस वर्ष पुलिस ने अब तक 16 मामलों में 84 अपराधियों की नशे के कारोबार से अर्जित करीब 14 करोड़ की संपत्तियां जब्त की हैं। शिमला की ए.एस.पी. मेहर पंवार ने आज शिमला में बताया कि एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत रामपुर में दर्ज एक मामले में नशे के अवैध करोबार से अर्जित एक करोड़ 38 लाख रूपए की संपत्तियों को सीज़ किया गया है।

मेहर पंवार ने बताया कि शिमला जिले में पुलिस कांस्टेबल भर्ती के लिए शारीरिक दक्षता व मानक परीक्षण 27 नवंबर से 5 दिसंबर तक पुलिस ग्राउंड भराड़ी में आयोजित होगा। इसके लिए 9 हजार एक सौ 51 अभ्यर्थियों को ई–कॉल लैटर भेज दिए गए हैं।

———————————————————————————